प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 13.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चौदह खरीफ फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी को दी मंजूरी, कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं के लिए 37 हजार 500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना भी मंजूर।
- राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल प्रबंधन योजना के तहत पांच मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के लिए मंजूर किए 25 करोड़ रुपये।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर लोकभवन के कारकेड के वाहनों की संख्या घटाकर चार कर दी है।
- खूंटी पुलिस ने पीएलएफआई के हार्डकोर उग्रवादी राजेश महतो को किया गिरफ्तार, हथियार और पर्चा बरामद।
- रांची में कल होगा झारखंड टी–20 लीग 2026 ट्रॉफी लॉन्च समारोह, ईशान किशन होंगे शामिल।

****

केंद्र सरकार ने 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सूरजमुखी बीज के एमएसपी में सबसे अधिक 622 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। इसके बाद कपास में 557 रुपये और तिल में 500 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। नई दरों के अनुसार ग्रेड–ए धान का एमएसपी 2 हजार 461 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। सरकार ने खरीफ सीजन में किसानों को लगभग दो लाख 60 हजार करोड़ रुपये के भुगतान का अनुमान जताया है।

वहीं मंत्रिमंडल ने कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं के लिए 37 हजार 500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत लगभग 7 करोड़ 50 लाख टन कोयला और लिग्नाइट के गैसीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा।

****

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल प्रबंधन तथा अनुरक्षण योजना के तहत पांच मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के लिए 25 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। एमजीएम मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज धनबाद, फुलो झानो मेडिकल कॉलेज दुमका और मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू को पांच–पांच करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस राशि का उपयोग अस्पतालों में मरम्मत, पेयजल, बिजली, साफ–सफाई, दवाइयों और चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था बेहतर करने में किया जाएगा।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ईंधन संरक्षण और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा दिया है। राज्यपाल ने लोक भवन में कारकेड के वाहनों की संख्या घटाकर केवल 4 गाड़ियाँ रखने का निर्णय लिया है।

****

झारखंड के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का आज रांची के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए विधानसभा लाया गया।

मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि श्री सिंह का योगदान राजनीति के क्षेत्र में हमेशा यादगार रहेगा।

हमारे बोकारो संवाददाता ने बताया कि गोमिया में पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के निधन पर शोक की लहर है।

****

गुमला जिला भाजपा ने आज समाहरणालय के समक्ष बिजली और पेयजल संकट को लेकर आक्रोशपूर्ण धरना–प्रदर्शन किया।

इस मौके पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि राज्य में कानून–व्यवस्था, बिजली और पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

****

रांची नगर निगम में नक्शा पास करने की प्रक्रिया को लेकर दायर अवमानना याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सवाल किया कि राज्य में असिस्टेंट टाउन प्लानर कार्यरत होने के बावजूद रांची नगर निगम में उनसे नक्शा पास कराने का काम क्यों नहीं लिया जा रहा है। अदालत ने नगर आयुक्त को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

****

झारखंड की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में आज कोलकाता के थिएटर रोड में झारक्राफ्ट के नए इम्पोरियम का उद्घाटन किया गया। उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर उद्योग सचिव अरवा राजकमल भी उपस्थित रहे।

****

खूंटी पुलिस ने पीएलएफआई के हार्डकोर उग्रवादी राजेश महतो उर्फ राजेश यादव को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देशी पिस्टल, दो गोलियां और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बताया कि आरोपी लेवी वसूली, फायरिंग और आगजनी समेत कई मामलों में वांछित था और पिछले एक दशक से प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के लिए सक्रिय था।

****

इधर गिरिडीह में साइबर पुलिस ने 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरिडीह एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी बेंगाबाद थाना क्षेत्र से हुई है। इनके पास से करीब एक दर्जन मोबाइल और सिम बरामद किया गया है। ये अपराधी फर्जी लिंक भेजकर लोगों को ठगते थे।

****

साहेबगंज जिले में हर घर सुरक्षा अभियान के दूसरे चरण के तहत सभी प्रखंडों में ग्राम संगठनों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के दौरान ग्रामीण परिवारों और सखी मंडलों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी दी गई। साथ ही बीमा नवीनीकरण, क्लेम प्रक्रिया और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

****

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ कल रांची में झारखंड टी 20 लीग 2026 के आधिकारिक ट्रॉफी लॉन्च समारोह का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में झारखंड क्रिकेट के भविष्य और राज्य में विश्वस्तरीय क्रिकेट मंच विकसित करने की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी। समारोह में भारतीय क्रिकेटर और झारखंड के खिलाड़ी ईशान किशन विशेष रूप से शामिल होंगे।

****

सरायकेला–खरसावां जिले के तीन खिलाड़ी 17 मई को धनबाद में होने वाली राज्य स्तरीय मॉडर्न पेंटाथलन चयन प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

जिला संघ के सचिव सिकंदर महतो ने बताया कि शोभा महतो, रशिक चन्द्र हेस्सा और मिलन सोय जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों को गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

*********समाप्त**********